नगर निगम सेवाएं होंगी ऑनलाइन

जोधपुर. नगर निगम की कार्यप्रणाली को बेहतर और सुगम बनाने के उद्देश्य को लेकर निगम ने अपनी विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। अब आमजन ट्रेड लाइसेंस, अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र, सीवर कनेक्शन अनुमति, यूडी टैक्स, भवन निर्माण अनुमति ऑनलाइन ही प्राप्त कर सकेंगे।

उसकी पत्नी जिस युवक के साथ रह दायर की। बुधवार

• नगर निगम

निर्माण, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी और यूडी टैक्स की अनुमति ऑनलाइन ले सकेंगे

इन्फ्रा रिपोर्टर. जोधपुर| नगर निगम ने ट्रेड लाइसेंस, भवन निर्माण अनुमति, नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स), फायर एनओसी, सीवर कनेक्शन आदि आम लोगों से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाइन करने का फैसला लिया है। यह व्यवस्था निगम उत्तर व दक्षिण दोनों में लागू की गई है। अगले 15 दिन तक इन सभी सेवाओं के लिए आवेदन एकल खिड़की से ही लिए जाएंगे, लेकिन एक फरवरी से सभी सेवाओं के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद निगम की बजाय घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल पर आपकी पत्रावली का स्टेट्स पता लगा सकेंगे। निगम (उत्तर) के आयुक्त रोहिताश्वसिंह तोमर और निगम (दक्षिण) के आयुक्त डॉ. अमित यादव ने बताया कि इन सेवाओं के आवेदन ऑनलाइन जमा करवाने के साथ ही शुल्क भी जमा करवा सकेंगे।

अनूठी पहल • लोको पायलट तनाव

लोको पायलट के घर
घर में खुशनुमा माहौ